मुनिया खूब फल-सब्ज़ियां खाती है। वह तेल, घी, नमक व मीठा कम खाती है और खेलकूद में हिस्सा लेती है।



2 अंक




मुनिया मसालेदार खाना, फास्ट फूड व मिठाईयां पसंद करती है। वह सब्ज़ियां नहीं खाती और खेलकूद में हिस्सा नहीं लेती है।



0 अंक



मुनिया घर का खाना
खाती है, लेकिन वह
खेलकूद में हिस्सा
नहीं लेती।



1 अंक




पौष्टिक भोजन,
जमकर कसरत
और नशे से बचकर रहना,
कैंसर, शुगर और हार्ट की
बीमारी को दूर ही रखना,
सब प्रश्नों के उत्तर पाएं,
युवा मैत्री केन्द्र पर आएं



5 अंक



किशोर के शरीर में बदलाव आ रहे हैं जिससे वह परेशान है। उसे समझ में नहीं आ रहा है कि वह क्या करे।




0 अंक




किशोर के शरीर में बदलाव आ रहे हैं जिसकी वजह से वह परेशान है। उसके दोस्त के साथ भी ऐसा हो रहा है लेकिन वह भी ज्यादा कुछ नहीं जानता है।



1 अंक



किशोर के शरीर में बदलाव आ रहे हैं जिसकी वजह से वह परेशान है। उसका दोस्त उसे बताता है कि उसे युवा मैत्री केन्द्र जाना चाहिए।

2 अंक




बढ़ती उम्र के कुछ सवाल हैं
कुछ भ्रांतियां, कुछ शंकाएं,
इन मुश्किल प्रश्नों के उत्तर
शायद दोस्त नहीं दे पाएं,
सब प्रश्नों के उत्तर पाएं,
युवा मैत्री केन्द्र पर आएं

5 अंक



मुनिया को महीना आना शुरू हो गया है। उसकी सहेली ने उसे थोड़ा बताया है क्योंकि उसे भी ठीक और पूरी जानकारी नहीं है।



1 अंक




मुनिया को महीना आना शुरू हो गया है। इस बार स्कूल की टीचर और सहिया दीदी ने जानकारी दी है जो वह दूसरे लड़कियों को दे रही है।




2 अंक



मुनिया को महीना आना शुरू हो गया है। घर में या बाहर किसी ने इसके बारे में उसे कुछ नहीं बताया है।



0 अंक




खुद भी बहुत
भटकता है मन
और हमको भी भटकाता है,
क्यों शरीर ये बदल रहा है
और महीना क्यों आता है,
सब प्रश्नों के उत्तर पाएं,
युवा मैत्री केन्द्र पर आएं



5 अंक



किशोर तनाव में है, वह किसी से बात नहीं करता, खेलने भी नहीं जाता है। उसके दोस्तों ने उसे युवा मैत्री केन्द्र के बारे में बताया, जहां काउंसलिंग के बाद उसका तनाव दूर हो गया है।



2 अंक




किशोर तनाव में है, वह किसी से बात नहीं करता, खेलने नहीं जाता और उसका पढ़ने में भी मन नहीं लगता जिससे उसकी पिटाई भी हुई है।



0 अंक



किशोर तनाव में है, वह किसी से बात नहीं करता, खेलने नहीं जाता और पढ़ाई पर भी असर पड़ा है। किसी बड़े ने उससे बात भी नहीं की है।



1 अंक

सही जानकारी में ही है समझदारी



सीखने-पढ़ने में दिक्कत हो
काम में ध्यान न
लग पाता हो,
नशे की आदत हो, टेंशन हो
बिन कारण मन घबराता हो,
सब प्रश्नों के उत्तर पाएं,
युवा मैत्री केन्द्र पर आएं



5 अंक

सही जानकारी में ही है समझदारी



मुनिया को स्कूल में आयरन (आई.एफ.ए.) की गोलियां और पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाज़ोल मिली, जो उसने फेंक दी और कहा की तरीके से खाई थी।



0 अंक




मुनिया को स्कूल में आयरन (आई.एफ.ए.) की गोलियां और पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाज़ोल मिली। वह सोच रही है कि इन्हें खाए या नहीं।



1 अंक



मुनिया को स्कूल में
आयरन (आई.एफ़.ए.) की
गोलियां और कीड़े की
दवा एल्बेन्डाजोल मिलीं।
उसने बताए गए तरीके
से इन्हें खाया।



2 अंक




कीड़ों और आयरन
की गोली
और नैपकिन और दवा,
और अनुभवी लोगों द्वारा
काउंसलिंग की है सेवा,
सब प्रश्नों के उत्तर पाएं,
युवा मैत्री केन्द्र पर आएं



5 अंक



किशोर के दोस्त ने उसे सिगरेट दी। किशोर का मन ललचाया पर उसने मना कर दिया और अपने दोस्तों को सिगरेट पीते देखता रहा।



1 अंक




किशोर के दोस्त सिगरेट पी रहे थे। किशोर ने उन्हें समझाया और वे वहां से चले गए।




2 अंक



किशोर के दोस्त सिगरेट पी रहे थे। उसके आते ही एक दोस्त ने उसे सिगरेट दी। किशोर का मन ललचाया और उसने सिगरेट अपने हाथ में ले ली।




0 अंक




चाहे नशे की आदत हो,
या फिर मन की
हो दुविधाएं
सब प्रश्नों के उत्तर पाएं,
युवा मैत्री केन्द्र पर आएं



5 अंक



किशोर को नशे की लत पड़ गई थी। युवा मैत्री केन्द्र में काउंसलिंग के बाद उसकी लत छूट गई है।



2 अंक




किशोर को नशे की लत पड़ गई थी। वह ख़ुद भी इससे छुटकारा पाना चाहता था, लेकिन इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।



0 अंक



किशोर को नशे की लत पड़ गई थी और वह इससे छुटकारा पाना चाहता था। उसके दोस्त ने उसकी मदद करने की कोशिश की लेकिन कुछ कर नहीं पाया।




1 अंक




जब भी कोई
किशोर-किशोरी
नशे के चंगुल
में पड़ जाएं,
सब प्रश्नों के उत्तर पाएं
युवा मैत्री केन्द्र पर आएं



5 अंक



मुनिया को एक लड़के ने छेड़ने की कोशिश की। मुनिया ने चुपचाप बर्दाश्त कर लिया और किसी को बताया भी नहीं। उस लड़के की हिम्मत और भी बढ़ गई।



0 अंक




मुनिया को एक लड़के ने छेड़ने की कोशिश की। मुनिया ने उसका विरोध तो किया, लेकिन अपने घरवालों को नहीं बताया।



1 अंक



मुनिया को एक लड़के ने छेड़ने की कोशिश की। मुनिया ने उसका विरोध किया और अपने घरवालों को बताया। उस लड़के को जमकर डांट पड़ी।

2 अंक




घर में या बाहर कोई तुमको
मारता-छेड़ता-धमकाता है,
गलत तरह से छुए शरीर को
कुछ करने को बहकाता है,
सब प्रश्नों के उत्तर पाएं,
युवा मैत्री केन्द्र पर आएं


5 अंक




गांव के कुछ लड़के किशोर को तंग कर रहे थे जिसके बारे में उसने किसी को नहीं बताया। किशोर उनके घर की तरफ नहीं जाता और उन्हें देखते ही रास्ता बदल लेता है।




1 अंक




गांव के कुछ लड़के किशोर को तंग कर रहे थे। किशोर ने तुरंत घरवालों को बताया। मामला सुलझ गया।



2 अंक



गांव के कुछ लड़कों ने किशोर को कुछ दिन पहले पीटा, लेकिन किशोर ने यह बात किसी को नहीं बताई।



0 अंक




घर में या बाहर कोई तुमको मारता–छेड़ता–धमकाता है, गलत तरह से छुए शरीर को कुछ करने को बहकाता है, सब प्रश्नों के उत्तर पाएं, युवा मैत्री केन्द्र पर आएं



5 अंक



मुनिया 18 साल की हो गई है, उसकी शादी की अभी कोई बात नहीं है। उसकी पढ़ाई जारी है।



2 अंक

सही जानकारी में ही है समझदारी



17 साल की उम्र में मुनिया की शादी होने जा रही है।



0 अंक

सही जानकारी में ही है समझदारी



मुनिया ने अभी-अभी
18 साल पूरे किए हैं,
और उसकी शादी होने
वाली है।



1 अंक




यूं तो वैसे ही गुनाह है
कम आयु में शादी करना,
जानलेवा भी हो सकता है
छोटी उम्र में ही मां बनना,
सब प्रश्नों के उत्तर पाएं,
युवा मैत्री केन्द्र पर आएं



5 अंक

